जल संरक्षण नीति, 2023

1. परिचय

1.1 पृथ्वी पर सभी जीवन शक्तियों के अस्तित्व और भरण-पोषण के लिए जल सबसे अनमोल प्राकृतिक संसाधन है। जल संरक्षण और प्रबंधन हमारे देश के पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

1.2 एनएचपीसी लिमिटेड अपनी निर्दिष्ट पर्यावरण संरक्षण रणनीति के साथ-साथ जल संरक्षण उपायों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एनएचपीसी की जल संरक्षण नीति, 2023, कंपनी की व्यावसायिक रणनीतियों और कार्यप्रणालियों में अंतर्निहित प्रयासों के माध्यम से सतत् विकास के अपने उद्देश्यों की पुनः पुष्टि करती है।

2. उपादेयता

2.1 यह नीति एनएचपीसी लिमिटेड की सभी परियोजनाओं, पावर स्टेशनों और अन्य प्रतिष्ठानों पर लागू होगी।

3. हमारी नीति

एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा अपनी जल संरक्षण नीति, 2023 के माध्यम से निम्नलिखित प्रयास किए जायेंगे:

3.1 जल संरक्षण और प्रबंधन के सार तत्वों के साथ-साथ सभी नियामक ढांचे का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3.2 अपने प्रत्येक प्रतिष्ठान में जल की खपत के पैटर्न की पहचान करने के लिए स्वैच्छिक पहल किए जायेंगे और कुशल जल प्रणालियों की स्थापना के माध्यम से जल के उपयोग को अनुकूलित करके जल के फुटप्रिंट को कम करने का लक्ष्य निर्धारित किए जायेंगे।

3.3 अपनी योजना और रणनीति में वर्षा जल संचयन उपायों को एकीकृत कर, इनके प्रतिपादन सभी स्थानों पर सुनिश्चित किए जायेंगे।

3.4 सामर्थ्य संवर्धन, पुनर्चक्रण, पुनर्भरण और पुन: उपयोग के माध्यम से जल संरक्षण पर ध्यान देने के साथ-साथ नवीनतम तकनीकी प्रणालियों के उपयोग पर विशेष महत्व दिया जायेगा।

3.5 सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों का अनुपालन करते हुए अपशिष्ट जल और डिस्चार्ज (यदि कोई हो) को उचित निपटान प्रणाली जैसे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट या अन्य साइट उपयुक्त उपाय के माध्यम से सुनिश्चित करके अपने सभी प्रतिष्ठानों/ क्षेत्रों में जल प्रदूषण को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जायेंगे।

3.6 जल संरक्षण उपायों की योजना बनाते समय सामाजिक और आर्थिक आवश्यकताओं को अधिक महत्व दिये जायेंगे।

4. मूल्यांकन और आंकलन

4.1 प्राधिकृत नोडल विभाग यानी 'पर्यावरण एवं विविधता प्रबंधन विभाग' द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा कि यह नीति कंपनी में सर्वत्र लागू की जाये।

4.2 परियोजनाओं/ पावर स्टेशनों/ क्षेत्रीय कार्यालयों में उनके संबंधित प्रमुखों द्वारा और कॉर्पोरेट स्तर पर ईएमएस विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा इस नीति का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

5. हितधारकों के लिए संचार सुविधा

5.1 जल संरक्षण नीति पत्रक, एनएचपीसी की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जायेंगे।

5.2 एक सूचीबद्ध कंपनी होने के नाते, एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा संस्थागत निवेशकों/ विक्रेताओं/ उधरदाताओं आदि के विचारों पर भी उचित ध्यान दिया जायेगा।

6. जागरूकता और सामर्थ्य संवर्धन कार्यक्रम

6.1.सभी कर्मचारियों और संबंधित हितधारकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक रखने के उद्देश्य से या संवेदीकरण के लिए निश्चित अंतराल पर एनएचपीसी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम (जो सुग्राही रहेंगे) आयोजित किए जायेंगे।

6.2.कर्मचारियों की आदर्श शृंखला और स्थानीय समुदाय में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एनएचपीसी द्वारा समय-समय पर सार्थक अभियान और रैली आयोजित किए जायेंगे।

6.3.जल संबंधी नवीनतम अध्ययन रिपोर्ट, शोध, निष्कर्ष, नवाचार आदि नियमित रूप से सभी कर्मचारियों को प्रसारित किए जाएंगे।

7.सहायक कंपनियों द्वारा अनुपालन

7.1 एनएचपीसी लिमिटेड के सभी संयुक्त उद्यम, सहायक कंपनियों और पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनियों को उनकी उपयुक्तता के अनुसार इस नीति (जल संरक्षण नीति, 2023) को अपनाने हेतु सूचित किया जाएगा।

8.जल संरक्षण नीति की समीक्षा

8.1 आवश्यकता और अनुकूलता के अनुरूप, उपयुक्त संशोधन करने के उद्देश्य से, प्रत्येक पांच वर्ष में इस नीति की समीक्षा की जाएगी। हालाँकि, समय दर समय विकसित हो रहे व्यावसायिक पर्यावरण परिदृश्य के अनुसार, इसकी प्रयोज्यता और प्रासंगिकता के अनुरूप इस नीति की समीक्षा पहले भी की जा सकती है।

यह नीति, दिनांक 28.03.2023 से लागू होती है।

****